**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (08.06.2025)

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:08.06.2025, PAGE-06

# कितने कॉलेजों में है वूमेन सेल, होगी जांच

- **कॉलेजों को आठ बिन्दुओं पर देनी है जांच रिपोर्ट**
- **रिपोर्ट नहीं देनेवालों पर होगी कार्रवाई : यूजीसी**

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू के कितने कॉलेजों में वूमेन सेल गठित है, इसकी जांच होगी। विवि अंतर्गत आनेवाले सभी कॉलेजों में जांच कराकर यूजीसी ने रिपोर्ट मांगी है। वर्ष 2024-25 के लिए सभी कॉलेजों को आठ बिन्दुओं पर जांच रिपोर्ट देनी है। विवि को जिम्मा मिला है कि वह कमेटी गठित कर कॉलेजों में इसकी जांच कराएं। यूजीसी के पास शिकायत पहुंची है कि कॉलेजों में यौन उत्पीड़न को लेकर जारी गाइडलाइन का पालन नहीं किया जा रहा है। इसे लेकर यूजीसी ने यह सख्ती की है। रिपोर्ट नहीं देने वाले कॉलेजों पर कार्रवाई होगी। कॉलेजों में महिला कर्मियों से लेकर छात्राओं को सुरक्षित वातावरण देने को लेकर यह पहल की गई है।

**नाम, पते, फोन नंबर देने होंगे:** विवि से कहा गया है कि यौन उत्पीड़न से बचाव को लेकर कॉलेजों में आंतरिक शिकायत समिति बनी है या नहीं, अगर बनी है तो उनके सदस्यों के नाम, पते व फोन नंबर भेजें। कॉलेजों के नोटिस बोर्ड पर शिकायत समिति का पूरा ब्योरा मौजूद है या नहीं, इसकी भी जांच होगी। संकट की स्थिति में महिलाओं की सुविधा के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर, प्रमुख स्थानों पर बैनर-पोस्टर लगा है या नहीं, इसकी भी जांच होगी। आंतरिक शिकायत समिति के साथ ही विशेष महिला सेल का गठन कितने कॉलेजों में किया गया है, इसका भी ब्योरा देना है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE:08.06.2025, PAGE-04

# पीएचडी में सीटों की स्थिति स्पष्ट नहीं

## रिक्त सीटों पर होगी परीक्षा, दो सत्रों के लिए एक साथ आवेदन की चल रही प्रक्रिया

- जुलाई में पीएचडी एडमिशन टेस्ट होने की है संभावना
- सत्र 2024 के लिए भी विद्यार्थियों से लिया जा रहा है आवेदन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से पीएचडी के दो सत्रों में दाखिले के लिए एक साथ आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। इसके बावजूद सीटों की स्थिति स्पष्ट नहीं है। इस वजह से अभ्यर्थी परेशान हैं। शैक्षणिक सत्र 2023 में पूर्व में आवेदन लेने के बाद फिर से पोर्टल खोला गया है। वहीं सत्र 2024 के लिए भी आवेदन लिया जा रहा है। विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया कि नए सत्र में सिर्फ उन्हीं विषयों के लिए पीएचडी एडमिशन टेस्ट होगा, जिनमें सीटें खाली होंगी, इसलिए सीटों की स्थिति आवेदन से पूर्व ही स्पष्ट करने की बात कही गई थी, लेकिन अब तक आनलाइन पोर्टल पर सीटों की स्थिति स्पष्ट नहीं है।

**परेशान हैं अभ्यर्थी :** विभागों की ओर से रिक्त सीटों की रिपोर्ट नहीं भेजी जा रही है। इस वजह से अभ्यर्थी परेशान है। क्योंकि चार दिन बाद फार्म भरने का समय खत्म हो जाएगा। पीएचडी टेस्ट परीक्षा जुलाई में होने की संभावना है। वहीं आवेदन के लिए सामान्य कोटि के अभ्यर्थियों से तीन हजार रुपये फीस ली जा रही है। उधर, छात्रों का कहना कि आवेदन के बाद सीटें खाली नहीं होने पर टेस्ट परीक्षा नहीं दे पाएंगे। पीएचडी टेस्ट के लिए 12 जून तक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर आनलाइन आवेदन होगा।



**सिर्फ बचे हैं चार दिन :** छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय की ओर से सीटों की स्थिति स्पष्ट करना चाहिए। क्योंकि चार दिन ही बचे हैं। उधर, 2023 सत्र के लिए एक वर्ष से अधिक अवधि से आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। पिछले वर्ष भी आवेदन लिया गया था। इसके बाद फिर इस सत्र में आवेदन के लिए पोर्टल खोला गया है। वहीं सत्र को नियमित करने के लिए 2024 सत्र के लिए भी आवेदन लिया जा रहा है। दोनों सत्र के लिए एक ही समय प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

# स्नातक तृतीय सेमेस्टर का अगले सप्ताह जारी हो सकता रिजल्ट

- कई कालेजों ने अब तक नहीं भेजा प्रायोगिक परीक्षा का अंक
- परीक्षा कैलेंडर में 26 मई तक परिणाम जारी करने की थी बात

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरएबीयू स्नातक सत्र 2023-27 के तृतीय सेमेस्टर का रिजल्ट अगले सप्ताह जारी होने की संभावना है। कई कालेजों की ओर से प्रायोगिक परीक्षा का अंक नहीं दिये जाने के कारण रिजल्ट में देरी हो होने की बात सामने आया है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने वैसे कालेजों को छोड़कर रिजल्ट जारी कर देगा। जानकारी के अनुसार, कापियों की जांच पूरी होने के बाद स्कैनिंग का कार्य अंतिम चरण में है। स्कैनिंग पूरी होते ही उसकी रिपोर्ट के आधार पर रिजल्ट की समीक्षा होगी। पेंडिंग रिजल्ट व उसके कारण को देखने के बाद परिणाम जारी होगा। स्नातक तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में 1.30 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे।

विवि प्रशासन की मानें तो दर्जन भर से अधिक कालेजों ने अबतक प्रायोगिक परीक्षा व इंटरनल का अंक नहीं भेजा है। बार-बार पत्र दिए जाने के बाद उन कालेजों की ओर से अब तक अंक नहीं भेजा गया है। इस कारण विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है। पिछले महीने जारी की गई प्रथम सेमेस्टर के रिजल्ट में भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का रिजल्ट पेंडिंग हुआ है। परिणाम जारी होने के बाद भी कई कालेजों ने अबतक अंक विवि को नहीं भेजा है।

बता दें कि विवि की ओर से जारी परीक्षा कैलेंडर में इसका परिणाम 26 मई तक जारी करने की बात कही गई थी।

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:08.06.2025**
**PAGE-06**

# अगले हफ्ते स्नातक तृतीय सेमेस्टर का रिजल्ट आयेगा

- कई कॉलेजों ने रिमाइंडर के बाद भी नहीं भेजा प्रायोगिक परीक्षा का अंक
- अप्रैल में ली थी स्नातक सत्र 2023-27 के तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू स्नातक सत्र 2023-27 के तृतीय सेमेस्टर का रिजल्ट अगले सप्ताह जारी कर सकता है. कॉपियों की जांच पूरी होने के बाद स्कैनिंग का कार्य अंतिम चरण में है. स्कैनिंग पूरी होते ही उसकी रिपोर्ट के आधार पर रिजल्ट की समीक्षा की जायेगी.

पेंडिंग रिजल्ट व उसके कारण को देखने के बाद परिणाम जारी किया जा सकता है. इस परीक्षा में 1.30 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे. विवि से मिली जानकारी के अनुसार दर्जन भर से अधिक कॉलेजों ने अबतक प्रायोगिक परीक्षा व इंटरनल का अंक नहीं भेजा है.

कॉलेजों को कहा है कि ससमय अंक नहीं भेजने की स्थिति में उनके कॉलेज को छोड़कर अन्य का परिणाम जारी कर दिया जायेगा. इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे. करीब तीन महीने बीत जाने पर भी अबतक सभी कॉलेजों ने इंटरनल व प्रायोगिक परीक्षा का अंक उपलब्ध नहीं कराया है. बता दें कि विवि की ओर से जारी परीक्षा कैलेंडर में इसका परिणाम 26 मई तक जारी करने की बात कही गयी थी, लेकिन इसके दो सप्ताह बाद भी विद्यार्थियों को परिणाम के लिए इंतजार करना पड़ रहा है.

## नयी व्यवस्था में भी वक्त से नहीं मिल रहा अंक

इंटरनल व प्रायोगिक परीक्षा का अंक कॉलेजों से प्राप्त करने के लिए ही विवि की ओर से नयी व्यवस्था की गयी थी. इसके बाद भी कॉलेजों की ओर से समय से अंक उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है. इस कारण विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है. पिछले महीने जारी की गयी प्रथम सेमेस्टर के रिजल्ट में भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का रिजल्ट पेंडिंग हुआ है. परिणाम जारी होने के बाद भी कई कॉलेजों ने अबतक अंक विवि को नहीं भेजा है.

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:08.06.2025, PAGE-04

### विश्वविद्यालय ने कहा उन्हीं विषयों में होगा टेस्ट, जिसमें रिक्त रहेंगी सीटें

# पीएचडी में सीटों की स्थिति स्पष्ट नहीं होने से उलझन में हैं अभ्यर्थी

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

- अबतक सीटों की स्थिति नहीं की गई स्पष्ट, कई विभागों ने नहीं भेजी रिक्ति
- दो सत्रों के लिए एक साथ चल रही है आवेदन की प्रक्रिया, जुलाई में होगी प्रवेश परीक्षा
- दो वर्ष विलंब से चल रहा पीएचडी कोर्स, अभी 2024 सत्र में भी नहीं हुआ है दाखिला

बीआरएबीयू की ओर से पीएचडी के दो सत्रों में दाखिले के लिए एक साथ आवेदन की प्रक्रिया चल रही है. सत्र 2023 में पूर्व में आवेदन लेने के बाद फिर से पोर्टल खोला गया है. वहीं सत्र 2024 के लिए भी आवेदन लिया जा रहा है. विश्वविद्यालय ने कहा था कि नए सत्र में सिर्फ उन्हीं विषयों के लिए पीएचडी एडमिशन टेस्ट होगा, जिनमें सीटें रिक्त होंगी. इसलिए, सीटों की स्थिति आवेदन से पूर्व ही स्पष्ट करने की बात कही गयी थी. इसे ऑनलाइन पोर्टल पर स्पष्ट किया जाना था, लेकिन आवेदन की प्रक्रिया शुरू होने के बाद भी किस विषय में सीट रिक्त है और किसमें नहीं यह पता नहीं चल पा रहा है.

इस कारण अभ्यर्थी उलझन में हैं. आवेदन के लिए सामान्य कोटि के अभ्यर्थियों से तीन हजार रुपये फीस ली जा रही है. ऐसे में आवेदन के बाद यदि सीटें रिक्त नहीं हो तो वे टेस्ट नहीं दे पाएंगे. दोनों सत्रों के लिए 12 जून तक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन का विकल्प दिया गया है. अभ्यर्थियों ने मांग की है कि अब सिर्फ चार दिनों का समय शेष रह गया है. ऐसे में पोर्टल पर सीटों की स्थिति स्पष्ट किया जाए. ऐसा नहीं होने पर आवेदन की तिथि विस्तारित करने की मांग की है.

### 2023 सत्र के लिए एक वर्ष से अधिक अवधि से लिया जा रहा आवेदन

2023 सत्र के लिए एक वर्ष से अधिक अवधि से आवेदन की प्रक्रिया चल रही है. पिछले वर्ष भी इस सत्र के लिए आवेदन लिया गया था. इसके बाद फिर से इस सत्र में आवेदन के लिए पोर्टल खोला गया है. वहीं सत्र को नियमित करने के लिए 2024 सत्र के लिए भी आवेदन लिया जा रहा है. दोनों सत्र के लिए एक ही समय प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी.

## 30 जून से शुरू होगा नामांकन

मुजफ्फरपुर. विवि ने विभिन्न कॉलेजों और पीजी विभागों में संचालित डेढ़ दर्जन से अधिक वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए संशोधित शेड्यूल जारी कर दिया है. अब 20 जून तक दाखिले के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन लिया जायेगा. 25 जून को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी. इसके बाद पांच दिनों में कॉपियों की जांच कर परिणाम जारी कर दिया जायेगा. सफल विद्यार्थियों को कॉलेज आवंटित किया जायेगा. यहां 30 जून से दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी. 15 जुलाई तक नामांकन लेने के बाद कॉलेज विश्वविद्यालय को रिपोर्ट भेजेंगे. सीसीडीसी कार्यालय की ओर से सभी संबंधित कॉलेजों व विभागों को पत्र भेजा गया है. कहा गया है कि इसकी जानकारी कॉलेजों में नोटिस बोर्ड पर लगा दें. इसके बाद आवेदन की तिथि आगे नहीं बढ़ेगी. उन्होंने कहा है कि वोकेशनल कोर्स के नए सत्र की कक्षाएं 21 जुलाई से शुरू करने का प्रस्ताव है. इससे पूर्व नामांकन की सभी प्रक्रियाएं पूरी करनी हैं. बता दें कि इससे पूर्व 30 मई तक आवेदन की तिथि निर्धारित की गयी थी, लेकिन कम आवेदन प्राप्त होने के कारण विश्वविद्यालय को तिथि आगे बढ़ानी पड़ी. कई कॉलेजों की ओर से आवेदन देकर तिथि बढ़ाने की मांग की गयी थी. कई कोर्स में तो निर्धारित सीट का 10 प्रतिशत भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ था. कॉलेजों ने कहा था कि आवेदन की प्रक्रिया में परिवर्तन हुआ है. विश्वविद्यालय स्तर पर पहली बार केंद्रीकृत आवेदन लिया जा रहा है. इस कारण विलंब से जानकारी होने से कई छात्र-छात्राएं आवेदन नहीं कर सके हैं. इसको देखते हुए तिथि बढ़ाई गयी है.वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए ओएमआर शीट पर प्रवेश परीक्षा ली जायेगी. कुल 50 प्रश्न पूछे जायेंगे. इसके लिए दो घंटे का समय दिया जायेगा. प्रत्येक प्रश्न के लिए दो अंक निर्धारित किये जायेंगे. निगेटिव मार्किंग नहीं की जायेगी. ओएमआर शीट पर परीक्षा होने के कारण कंप्यूटराइज्ड मूल्यांकन होगा. चार से पांच दिनों में इसका परिणाम आ जायेगा.